रजिस्ट्री सं. डीएल(एन)-04/0007/2003--05

REGISTERED No. DL(N)-04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 15] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 10—अप्रैल 16, 2010 (चैत्र 20, 1932)

No. 15] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 10—APRIL 16, 2010 (CHAITRA 20, 1932)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

पृष्ठ सं.

भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं..... 689

भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं..... 283

भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं..... 1

भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं..... 547

भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम..... *

भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ..... *

भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल है)..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं..... *

भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)..... *

भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश..... *

भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं..... 869

भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस *

भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं..... *

भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं..... 1997

भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस..... 127

भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक..... *

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	689
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	283
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	547
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	869
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1997
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	127
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I — खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गईं विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 2010

संख्या 52-प्रेज/2010--राष्ट्रपति, निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी उत्कृष्ट बहादुरी के लिए "कीर्ति चक्र" से सम्मानित करने की स्वीकृति प्रदान करती हैं :--

1. श्री रेल देव सांगमा, सिपाही, विशेष आपरेशन दल मेघालय पुलिस का सदस्य (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 दिसम्बर, 2008)

07 दिसम्बर, 2008 को मेघालय पुलिस के सिपाही श्री रेल देव सांगमा को "लिबरेशन ऑफ अचिक इलटि फोर्स" (एल ए ई एफ) के उग्रवादियों को पकड़ने के लिए लगाया गया। गांव के संदेहास्पद घर पर आक्रमण दल के चार सदस्य एक दूसरे को सुरक्षा प्रदान करते हुए पहुँचे । श्री सांगमा जो आगे थे उन्होंने छिपे हुए उग्रवादियों को जोर से आवाज दी और उन्हें बाहर निकलने और अपने हथियार/गोलाबारूद सौंप देने को कहा। अचानक पुलिस दल पर अंदर की ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। आक्रमण दल ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाही शुरू की। श्री सांगमा ने युक्तिसंगत चाल बदली और ऐसी जगह कूद कर पहुंच गए जहां से वे उग्रवादियों को देख सकते थे और उन पर सीधे गोलीबारी कर सकते थे। उन्होंने एक उग्रवादी को मारा और उसे विफल करने में सफल हो गए। उन्होंने अपने दल से गोलीबारी से उन्हें सुरक्षा पहुंचाते हुए आगे बढ़ने को कहा। इसी बीच, उग्रवादी बाहर की ओर भागने लगे और पुलिस दल के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे जिसमें से एक गोली श्री सांगमा को लगी। श्री सांगमा मौके पर ही दिवंगत हो गए। इस मुठभेड़ के दौरान भी श्री सांगमा फायरिंग लाइन में ही बने रहे और उग्रवादियों को रोकने के लिए अपने अन्य साथियों के लिए मार्ग प्रशस्त करते रहे। मारे गए उग्रवादी की शिनाख्त एल ए ई एफ के स्वयंभू कमांडर के रूप में हुई। पुलिस दल एक उग्रवादी को पकड़ने में भी कामयाब हो गया।

श्री रेल देव सांगमा ने उत्कृष्ट बहादुरी, साहस का प्रदर्शन किया और कर्तव्यपरायणता का निर्वाह करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

2. आई सी-65685 मेजर पुष्पेन्दर सिंह, राजपूताना राइफल्स, 28 असम राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 मार्च, 2009)

06 मार्च, 2009 को मेजर पुष्पेन्दर सिंह ने एक आतंकवादी समूह के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति के बारे में पुख्ता खबर के आधार पर मणिपुर, इम्फाल के सामान्य क्षेत्र में इम्फाल पुलिस के कमांडों के साथ संयुक्त आपरेशन शुरू किया।अंदरूनी घेरा डालते समय पुलिस दल पर भारी गोलाबारी शुरू हो

गई और 07 मार्च, 2009 को लगभग 1.30 बजे आंतकवादियों द्वारा वह घेर लिया गया। अफसर ने मौके का तत्परता से जायजा लिया और भागने के सभी रास्ते बंद कर दिए। प्रेरणादायक नेतृत्व प्रदान करते हुए वह लक्ष्य क्षेत्र की ओर बढ़ने लगे जहां उन्होंने देखा कि दो आंतकवादी अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे हैं। अधिकारी मौत से बाल-बाल बच गए और तेजी से जवाबी कार्रवाई करते हुए, अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना बुरी तरह फंसे दो आतंकवादियों पर फायरिंग करने लगे और बड़े करीब से गोलियों की बौछार करके उन्हें मार गिराया।

अफसर ने रेंगते हुए छिपे हुए जगह के अंदर स्वयं ही हथगोला फेंक दिया जहां से दो और आतंकवादी गोलीबारी कर रहे थे। अचानक तभी एक आतंकवादी बाहर निकला और अंधाधुंध चारो तरफ फायरिंग करने लगा। अफसर ने तुरंत मौके का फायदा उठाया और अचूक निशानेबाजी से उसे मार गिराया। बहादुर अफसर और आगे तक रेंगते हुए गया और दूसरा गोला फैंक दिया। जान पर भारी संकट होने के बावजूद उनके छिपने वाली जगह के भीतर जबरदस्ती प्रवेश कर गया। अंदर छिपे हुए आतंकवादी ने गोलीबारी शुरू कर दी। अफसर ने बहादुरी से आतंकवादी के ऊपर गोलीबारी की और उसे मार गिराया।

मेजर पुष्पेन्दर सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अनुकरणीय नेतृत्व, आक्रामक शक्ति,अदम्य साहस और अद्वितीय वीरता का प्रदर्शन किया।

3. **श्री भोपाल सिंह, उप निरीक्षक (सामान्य ड्यूटी) सशस्त्र सीमा बल (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 अप्रैल, 2009)

23 अप्रैल, 2009 को श्री भोपाल सिंह वारंगदिशा एन सी हिल्स (असम) में तैनात, 9 अन्य सशस्त्र सीमा बल के कार्मिकों के साथ "कलाचन्द" की ओर जा रहे थे जहां 17 वीं बटालियन की टुकड़ी संचार उपकरणों और अन्य सामग्री को एकत्रित करने के लिए रूकी हुई थी। वारंगदिशा पर वापस आते समय, घात लगाकर एक हमला हुआ और माहवांग के पास सड़क के दोनो ओर से विद्रोहियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए। अपनी जान को खतरे में पाकर श्री सिंह ने तुरंत कार्रवाई की। वे गाड़ी से गोलीबारी करने लगे और घात हमले का जवाब देने के लिए कूद पड़े। विद्रोहियों पर लगातार गोलीबारी करने वाली टुकड़ी का नेतृत्व वही कर रहे थे और उन्होंने हमले को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। विद्रोहियों को घटना स्थल से भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस आपरेशन के दौरान श्री भोपाल सिंह को उनके सिर में चोट लगी और वे मौके पर ही वीरगति को प्राप्त हो गए। उन्होंने न केवल अपने मातहत सिपाहियों की जान बचाई बल्कि भारी मात्रा में हथियार, गोलाबारूद और सरकारी भंडार भी नुकसान होने से बचाया।

श्री भोपाल सिंह ने विद्रोहियों से लड़ते हुए अद्वितीय साहस और हिम्मत का प्रदर्शन किया और अपने जान की कुर्बानी दी।

4. **आई सी-61390 मेजर सुरेश सुरी, कुमाऊं रेजिमेंट/ 13 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोंपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 सितंबर, 2009)

मेजर सुरेश सुरी द्वारा प्राप्त विशेष खुफिया सूचना के आधार पर जम्मू एवं कश्मीर के एक गांव में संदेहास्पद घर के ऊपर दिनांक 22 सितंबर, 2009 को 1430 बजे घेरा डाला गया।

मेजर सुरेश सुरी अंदरूनी घेरे का हिस्सा थे। तीन अन्य साथियों के साथ वे छुपे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घर के अंदर घुसे। घर की दूसरी मंजिल पर अफसर को छत के ऊपर लकड़ी के कुछ संदेहास्पद खुले टुकड़े मिले जहां छिपे होने की आशा थी । अफसर ने अपने साथी के साथ पूरी छत को छान मारा। तभी वे आतंकवादियों की ओर से होने वाली भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होने के बावजूद भी अफसर ने अपनी एके-47 राइफल की गोलीबारी से जवाबी कार्रवाई की और एक हथगोला भी फैंक दिया। इस प्रकार एक आतंकवादी मारा गया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरा आतंकवादी छिपे जगह की आड़ में होकर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा और खोजी दल के अन्य सैनिकों को चोट पहुंचा दिया। अफसर घायल साथियों को सुरक्षित स्थान पर ले गया लेकिन इससे पहले अपनी चोट के कारण वह बच न सका।

मेजर सुरेश सुरी ने आतंकवादियों के खिलाफ आपरेशन में उत्कृष्ट वीरता, सखा भाव व अद्वितीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों से लड़ते हुए आत्म बलिदान किया।

5. **सुश्री रुखसाना कोसर, शाहादारा शरीफ (मोरहा कल्सी) तहसील-थानामंडी, जिला - राजौरी, जम्मू एवं कश्मीर**

एवं

6. **श्री एजाज अहमद, शाहादारा शरीफ (मोरहा कल्सी) तहसील-थानामंडी, जिला - राजौरी, जम्मू एवं कश्मीर**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 सितंबर, 2009)

27 सितंबर, 2009 को लगभग 2130 बजे लश्करै तैयबा, के तीन खुंखार आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर, जिला-राजौरी शाहादारा शरीफ के निवासी श्री नूर अहमद के घर पर जबरदस्त धावा बोला और उसके तथा उसके परिवार के लोगों की निर्दयतापूर्वक पिटाई करने लगे। उसकी पुत्री रुखसाना कोसर तथा बेटा श्री एजाज अहमद जो बगल के कमरे में सो रहे थे, घर से बाहर निकले और देखा कि उनके माता-पिता को बेरहमी से पीटा जा रहा है। एक आतंकवादी ने श्री नूर अहमद के भाई पर गोली चला दी और उसे घायल कर दिया। अपने परिवार के सदस्यों की जान को खतरे में भांपकर सुश्री रुखसाना कोसर और श्री एजाज अहमद ने कमरे में पड़ी हुई कुल्हाड़ी/लाठियों को उठा लिया और उग्रवादियों पर हमला बोल दिया। एक उग्रवादी भाग निकला। हिम्मत दिखाते हुए दोनों भाई-बहन ने

मिलकर एक उग्रवादी के हाथ से हथियार छीन लिए और उसे मौके पर ही मार गिराया। उसके बाद वे अपने घरवालों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। दूसरा आतंकवादी जो घायल हो गया था अंधेरे में भाग निकलने में सफल रहा। बाद में पता चला कि उनके द्वारा मारा गया आतंकवादी लश्कर-ए तैयबा का डिवीजनल कमांडर था जो निर्दोष नागरिकों की हत्या तथा सुरक्षा बलों पर अनेक बार हमला करने की घटनाओं में शामिल था।

सुश्री रुखसाना कोसर और श्री एजाज अहमद ने खुंखार तथा हथियारों से लैस उग्रवादियों के विरूद्ध लड़ने में अद्वितीय साहस और सूझबूझ का परिचय दिया।

(बरूण मित्रा)
संयुक्त सचिव

संख्या 53-प्रेज/2010-राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी बहादुरी के लिए **"शौर्य चक्र"** से सम्मानित करने की स्वीकृति प्रदान करती हैं :-

1. **श्री संजय भाउराव शिंदे, लक्ष्मी नारायण नगर,**
पुसड जिला यावतमाल, महाराष्ट्र (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 मार्च, 2008)

17 मार्च, 2008 को 58 वर्षीय श्री मानिक राव रामभाए सदावर्त जो यावतमाल जिले के डाकघर पुसड में रोकेड़िया ने भारतीय स्टेट बैंक से 3 लाख रुपये की राशि निकाली और एक आटो रिक्शा हायर किया। तभी अचानक दो अज्ञात व्यक्ति आ पहुंचे और उन पर एक धारीदार हथियार से हमला कर दिए तथा नकद राशि को लूटने की कोशिश की। घटना की गंभीरता को देखते हुए आटो रिक्शा के चालक श्री संजय भाउराव शिंदे उनमें से एक को पकड़ लिया। ज्योंही श्री शिंदें ने उन्हें लूटने से रोका लुटेरों ने उन्हें बेदर्दी से हथियार भोंक दिया। श्री शिंदें को अनेक चोटें आई किंतु उन्होंने साहस नहीं छोड़ा और हमलावरों को पकड़े रहे औरे जोर-जोर से चिल्लाने लगे । इसकी वजह से लोगो की भीड़ वहां इकठ्ठी हो गई और अपराधी रुपयों को लूट न सके। तथापि, वे भागने में सफल रहे। इस प्रक्रिया में श्री शिंदे अपनी चोटों के शिकार बन गए।

श्री संजय भाउराव शिंदे के इस वीरतापूर्ण कारनामें से डाकघर के रोकड़िया की जान बच गई और सरकारी धन लूटने से बच गया। हमलावरों से लड़ते हुए उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया।

2. **जी एस-171792-के आपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी**
प्रीतम चन्द, सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)

एवं

3. **जी एस-173772-पी चालक मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-।।**
प्यार चंद, सीमा सड़क संगठन (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 जनवरी, 2009)

आपरेटर एक्स केवेटिंग मशीनरी प्रीतम चंद और चालक मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-।। प्यार चंद असम के धेमजी जिले के अकाजन-जोनाई मार्ग पर 465.00 किमी. की दूरी पर काम कर रहे थे जो घुसपैठी गतिविधियों से बुरी तरह प्रभावित है।

12 जनवरी, 2009 को 2100 बजे तीन अज्ञात घुसपैठी कैंप जो कि डब्ल्यु एम एम सयंत्र के पास स्थित था के एक बैरक में घुस आए और बैरक के दरवाजों को जोर लगाकर तोड़ने लगे। सभी तीन घुसपैठी उच्चकोटि के हथियारों से लैस थे, और मजदूरों के भुगतान के लिए लाए गए नकद धनराशि तथा प्रबंधक के बारे में पूछने लगे। जी आर ई एफ में से एक कार्मिक जो दरवाजे के पास ही सो रहा था ने उनके पूछताछ का नकारात्मक जवाब दिया। तभी तुरंत एक घुसपैठी ने उनके माथे पर बंदूक की बट मार दी जिससे जी आई एफ एक कार्मिक मूर्छित हो गया।

अपने साथियों पर हमला होते देख, प्यार चंद और आपरेटर एक्स केवेटिंग मशीनरी प्रीतम चंद फौरन चिल्ला पड़े और अंजाम सोचे बिना ही बड़ी बहादुरी दिखाते हुए घुसपैठियों को काबू में करने तथा उन्हें पकड़ने के लिए उन पर कूद पड़े। इसी बीच एक घुसपैठी ने चालक एम टी प्यार चंद और ओ इ एम प्रीतम चंद पर अंधाधुंध गोली चला दी । दोनों को गोलियों से चोटें आई। हालांकि प्यार चंद तुरंत बिस्तर पर गिर गए, प्रीतम चंद गोलियों की चोट के बावजूद भी धराशायी होने से पहले तक घुसपैठियों का पीछा करते रहे। उनके द्वारा दिखाए गए साहस से घुसपैठी कैंप छोड़ने तथा वहां से भागने के लिए मजबूर हो गए। ओ इ एम प्रीतम चंद और चालक एम टी प्यार चंद की इस बहादुरी से सरकारी धन नुकसान होने से बच गया तथा कैंप के भीतर सो रहे अन्य साथियों की अनमोल जानें बच गई।

आपरेटर एक्स केवेटिंग मशीनरी प्रीतम चंद और चालक मैकेनिकल ट्रांसपोर्ट ग्रेड-।। प्यार चंद ने अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया और विद्रोहियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

4. आई सी-70145 लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह, सेना मेडल, सेना शिक्षा कोर/12 मराठा लाइट इन्फैन्ट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 मार्च, 2009)

18 मार्च, 2009 को 2045 बजे लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह ने गश्त के दौरान मणिपुर के पश्चिमी इम्फाल जिले में एक मोबाइल चेक पोस्ट का पता लगाया।

लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह गश्त दल के कमांडर थे। इस दल के सिपाही को यह सिग्नल दिया गया कि वे गाड़ियों को रोकें। एक जीप को रोकने के प्रयास में सिपाही के ऊपर गाड़ी से आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। उनकी दाई जांघ में गोली से चोट लगी और वह सड़क पर गिर गए। लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह ने गाड़ी पर गोली चलाई और घायल साथी को सुरक्षा घेरे में ले लिया। इस दौरान उनके बांए कंधे और बगल में गोली लगी परंतु उन्होंने जाने से मना कर दिया और खोजी दल को उन्हें सुरक्षा देने का आदेश दिया तथा आंतकवादियों पर तब तक गोली चलाते रहे जब तक वह बेहोश होकर गिर न पड़े। अगले दिन खोज के दौरान ए के 47 राइफल के साथ एक मारे गए आंतकवादी का शव बरामद हुआ।

लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, दृढ़ निश्चय और सखाभाव का परिचय दिया। अपने घायल साथी को बचाने के लिए लेफ्टिनेंट सतबीर सिंह ने एक हथियार बंद आतंकवादी को मार गिराया और सेना की सर्वोच्च परंपरा के अनुसार अपनी जान न्यौछावर कर दी।

5. **जेसी-520623 नायब सूबेदार निर्मल सिंह, सेना मेडल, डोगरा रेजिमेंट/11 राष्ट्रीय राइफल्स**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 02 अप्रैल, 2009)

नायब सूबेदार निर्मल सिंह 2 अप्रैल, 2009 को जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवार जिले के एक गांव में किए गए उस आपरेशन में शामिल थे।

यह जे सी ओ उस सैन्य टुकड़ी का ही हिस्सा था जिसने गांव में एक संदेहास्पद घर पर 02 अप्रैल, 2009 को 1100 बजे घेरा डाला था। जे सी ओ ने स्वयं नजदीक से घेरे का बंदोबस्त किया और स्वयं को निशाने वाले घर के सबसे समीप तैनात किया। 02 अप्रैल, 2009 को 1715 बजे एक आतंकवादी साथियों से जबरदस्त सुरक्षा के भीतर जे सी ओ पर पर ग्रेनेड फैंकते हुए भाग निकलने का प्रयास किया। उत्कृष्ट बहादुरी दिखाते हुए जे सी ओ ने बिल्कुल करीब से उसे गोली मार दी। दूसरा आतंकवादी स्टाप की ओर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा। अपनी टुकड़ी को खतरे में फंसा भापंकर जे सी ओ अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अचूक निशाने से जानलेवा प्रतिघात किया और मात्र 25 गज की दूरी पर आंतकवादी को विफल कर दिया। बाद मे इस आतंकवादी की शिनाख्त गैर कानूनी आतंकवादी सरगना के तहसील कमांडर के रूप में हुई।

नायब सूबेदार निर्मल सिंह ने भारी आतंकवादी गोलीबारी में आपरेशन के दौरान अद्वितीय साहस और उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया।

6. **एस एस-39651मेजर अजय सिंह, 11 वीं बटालियन मराठा लाइट इन्फैन्ट्री**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 06 अप्रैल, 2009)

06 अप्रैल, 2009 को करीब 1300 बजे मेजर अजय सिंह असम के कोकराझार जिले के एक गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता खुफिया सूचना के आधार पर खोजी दल के साथ डाले जाने वाले घेरे का नेतृत्व कर रहे थे।

परिस्थिति की गंभीरता को महसूस करते हुए मेजर अजय सिंह ने बिना समय गवाएं अपनी सैन्य टुकड़ी को हरकत में ले लिया और पांच अलग-अलग दिशाओं से गांव को घेर लिया। इस प्रकार आतंवादियों के भाग निकलने के सारे मौकों को रोक दिया। काफी पास में सेना की आवाजाही को देखकर आतंकवादी घबरा गए और गोलीबारी करते हुए घेरे को तोड़ने की कोशिश करने लगे और नजदीक के बांस की झुरमुटों में घुस गए। मेजर अजय सिंह ने झुरमुट को तुरंत चारो ओर से घेर लेने का आदेश दिया और स्वयं गोलीबारी का जवाब देते रहे और आतंकवादियों के पास तक बढ़ते गए। अंधेरा देखकर वह गोलीबारी की चपेट में आए बिना ही झुरमुट में गोलीबारी करने लगे और अत्यधिक साहसपूर्ण ढंग से अकेले ही काफी करीब से आंतकवादी का सफाया कर दिया। आतंकवादी के सफाए से एक बड़ा हादसा टल गया जो उनके विस्फोटक उपकरण को न लगाने से हो गया होता। आतंकवादी

के पास से बल्गेरिया में बना एक पिस्तौल,गोलाबारूद, 1 किग्रा. विस्फोटक सामग्री, डेटोनेटर और अन्य फुटकर विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया।

मेजर अजय सिंह ने प्रतिकूल परिस्थिति में उत्कृष्ट बहादुरी, धैर्य और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया।

7. आई सी-64074 मेजर शिशिर जुनेजा, आर्मड कोर/8 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 अप्रैल, 2009)

आतंकवादियों के मौजूद होने के बारे में पुख्ता सूचना के आधार पर मेजर शिशिर जुनेजा ने 17-18 अप्रैल, 2009 की रात में जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले के एक गांव के चारों और घेरा डाला। करीब 900 बजे जब उनकी सैन्य टुकड़ी घर-घर तलाशी ले रही थी तभी एक बंद घर के अंदर से भारी गोलाबारी होने लगी। जबरदस्त युक्ति कौशल का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने भागने के सभी रास्तों को कवर करते हुए अपनी टुकड़ी को तुरंत पुनर्गठित किया।

आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए बुद्धिमता और प्रत्यभिज्ञान का परिचय देते हुए उन्होंने घुआं वाले गोले फैंककर उन्हें घेर लिया और गीले घासफूंस की एक ढेर में आग लगा दी जिससे और भी गोलाबारी होने लगी। एक आतंकवादी खिड़की से बाहर की ओर कूद गया और घेरेबंदी को तोड़ने के लिए गोलाबारी करने लगा। गुथ्मगुथ्था की लड़ाई में उसे मार गिरा कर दृढ़ निश्चय का परिचय देते हुए मेजर जुनेजा ने बदले में गोलीबारी की। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए, वह खिड़की से तेजी से घर के भीतर घुस गए और एक ग्रेनेड फैंक दिया और दूसरे आतंकवादी पर गोलीबारी करने लगे उसे भी गुथ्मगुथ्था की लड़ाई में मार गिराया।

मेजर शिशिर जुनेजा ने भारी गोलाबारी के जवाब में कर्तव्यपरायणता, दृढ निश्चय व उत्कृष्ट साहस दिखाते हुए उच्च कोटि की वीरता और नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

8. 9103039 राइफलमैन सुरज प्रकाश, जम्मू एवं कश्मीर लाइट इन्फैन्ट्री/10 राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 19 अप्रैल, 2009)

राइफल मैन सुरज प्रकाश बटालियन घातक दल के सदस्य थे। 19 अप्रैल, 2009 को जम्मू कश्मीर के डोडा जिले के सामान्य क्षेत्र में खुंखार आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने पर उनका सफाया करने के लिए बटालियन घातक दल को भेजा गया।

खोज कार्य के दौरान राइफल मैन सुरज प्रकाश बिना सुरक्षा कवच के ही घर में जबरदस्ती घुसने के लिए स्वयं ही आगे आए। लक्षित घर पर युक्तिपूर्ण ढंग से पहुंच बनाते समय राइफलमैन सुरज प्रकाश

घर की ओर से होने वाली अचूक गोलीबारी की चपेट में आए गए। यद्यपि उन्हें गंभीर चोटें लगीं, दीवार की आड लेकर उन्होंने आगे की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए और अदम्य साहस का परिचय देते हुए वे खुले दरवाजे की ओर रेंगकर गए और एक ग्रेनेड डाल दिया। फिर अंदर की ओर दौड़े और एक महिला आतंकवादी को मार गिराया। दूसरे आतंवादी ने आड ले ली और सैनिक के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। राइफलमैन सुरज प्रकाश अपनी गंभीर चोटों से विचलित हुए बिना बड़ी तेजी से आतंकवादी पर झपटे और गुत्थगुत्था की लड़ाई में उसे मार गिराया। गुत्थमगुत्था की लड़ाई में दो दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया करने के दौरान उन्हें घातक चोटे आई।

राइफल मैन सुरज प्रकाश ने अद्वितीय बहादुरी, सूझबूझ, दृढ़ निश्चय का परिचय देते हुए और सर्वोच्च बलिदान दिया।

9. आई सी-63920 मेजर दिपांकर दे, 39 असम राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 मई, 2009)

मणिपुर के इम्फाल पश्चिमी में एक गांव में हथियारबंद आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता खुफिया खबर प्राप्त होने पर मेजर दिपांकर दे ने 03 मई, 2009 को 2130 बजे एक आपरेशन शुरू किया।

गांव पहुंचने के दौरान मेजर दिपांकर दे ने जंगल की तरफ तीन-चार संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही देखी। उन्हें चुनौती देने पर वे लोग सैन्य दल के ऊपर स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भागने लगे। मेजर दिपांकर दे ने तुरंत अपनी टुकड़ी को युक्तिपूर्ण ढंग से तैनात कर दिया, गोलीबारी करने लगे और आतंकवादियों को घेर लिया। लगभग पचास मिनट तक चली गोलीबारी में आतंकवादी मेजर दिपांकर की ओर हथगोले फैंकने लगे ताकि उनके संपर्क को तोड़ा जा सके।

इसका मुहतोड़ जवाब देने के लिए मेजर दिपांकर ने तेजी से एक छोटी टुकड़ी का गठन किया और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, भारी स्वचालित गोलीबारी के बीच छिपे हुए आतंकवादियों के पास पहुंच गए और उनपर हथगोले फैंक दिए और तुरंत 2" के मोर्टार से आगे लगाने के लिए आदेश दिया जिसके परिणामस्वरूप उन्हें भगाया जा सका और उनकी पोजीशन को छिनभिन्न किया जा सका। अद्वितीय साहस और उत्कृष्ट बहादुरी का परिचय देते हुए मेजर दिपांकर ने आतंकवादियों का पीछा किया और करीब जाकर अचूक निशाने से दो आतंकवादियों को अकेले ही मार गिराया जबकि अन्य आतंकवादी भाग निकलने में सफल रहे।

मेजर दिपांकर दे ने भारी गोलाबारी के बीच लड़ते हुए अद्वितीय नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और उत्कृष्ट साहस का प्रदर्शन किया और दो दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

10. आई सी-61038 मेजर हरमीत सिंह समरा, राजपूत रेजिमेंट/10 राष्ट्रीय राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 मई, 2009)

08 मई, 2009 को दो आतंकवादियों के बारे में विशेष सूचना के आधार पर, मेजर हरमीत सिंह समरा ने जम्मू एवं कश्मीर के डोडा जिले के एक संदेहास्पद घर के ऊपर सख्त घेरा डाला। उन्होंने सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया और उसके बाद घर की गहन छानबीन शुरू की। इस प्रकार, एक लकड़ी की अलमारी के अंदर बड़ी चालाकी से छिपे होने की जगह का पता लगाया। संपर्क साधने की कोशिश में उन पर आतंकवादियों की ओर से भारी गोलीबारी होने लगी जिसके फलस्वरूप उनके साथी के सिर पर चोट लग गई। अपुनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वह दौड़े और भारी गोलीबारी के बावजूद भी अपने साथी को बाहर खींच लाए। खुंखार स्वयंभू डिवीजनल कमांडर ने हथगोले फैंके और अफसर के ऊपर गोलीबारी करने लगे। अपनी फौलादी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अफसर ने बदले में कार्रवाई की और दृढ़ निश्चय एवं साहस का प्रदर्शन करते हुए गुत्थम-गुत्था की लड़ाई में उस खुंखार आतंकवादी को मार गिराया। अदम्य साहस दिखाते हुए अफसर ने ग्रेनेड (हथगोला) फैंकने के बाद घर के अंदर प्रवेश किया और दूसरे आंतकवादी पर गोलीबारी करने लगा और इस प्रकार उसे गुत्थम-गुत्था की लड़ाई में मार गिराया।

मेजर हरमीत सिंह समरा ने भारी गोलीबारी के दौरान उत्कृष्ट नेतृत्व, साहस, बुद्धिमता, धैर्य और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

11. जी/114735 हवलदार थंगजालेट, 11 असम राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 मई, 2009)

मणिपुर के तामेंगलांग के सामान्य क्षेत्र में उग्रवादियों की गतिविधियो के बारे में पुख्ता सूचना के आधार पर गांव के लोगों की हिम्मत बढ़ाने के लिए दो संक्रियात्मक टुकड़ियों को भेजा गया। हवलदार थंगजालेट नायब सूबेदार मोहन के नेतृत्व वाली संक्रियात्मक टुकड़ी के सदस्य थे।

12 मई, 2009 को लगभग 2000 बजे जब नेतृत्व वाली टुकड़ी गांव के पास पहुंचने वाली थी तभी यह उग्रवादियों की छिटपुट गोलीबारी की चपेट में आ गई। नायब सूबेदार के नेतृत्व वाली दूसरी टुकड़ी को अधिक ऊंचाई वाली जगह पर लगाया गया और अंदर से हो रही फायरिंग का ध्यान इस टुकड़ी की तरफ बंटा दिया गया। हवलदार थंगजालेट, जो हल्की मशीनगन चला रहे थे ने अंधेरे में जाकर एक मोटे पेड की आड ले ली जाहां से वे उग्रवादियों को गोलीबारी में उलझाए रहे।

13 मई, 2009 को लगभग 1030 बजे हवलदार थंगजालेट ने देखा कि कुछ जमीन में छिपे लोग खोंगबंग पहाड़ी की ओर जा रहे हैं। उग्रवादियों ने तुरंत भारी गोलीबारी के साथ जवाबी कार्रवाई की जिससे हवलदार थंगजालेट को बंदूक की अनेक गोलियों से चोटें आई। वह अपने हथियार से गोली

चलाते रहे जब तक कि स्वयं अत्यधिक खून बहने के कारण बेहोश होकर गिर न गए। बाद में सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने के दौरान वे अपनी चोटों के कारण बच न सके।

हवलदार थंगजालेट ने आतंकवादियों से लड़ते हुए उत्कृष्ट वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

12. एस एस - 41214 मेजर जगमाल सिंह वाघेला, 11 वीं बटालियन जाट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 मई, 2009)

आतंकवादियों द्वारा सामूहिक रूप से घुसपैठ करने की कोशिश के बारे में पुख्ता खबर के आधार पर जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के सामान्य क्षेत्र में एक आपरेशन शुरू किया गया।

22 मई, 2009 को मेजर जगमाल सिंह वाघेला उस दल की नुमाइंदगी कर रहे थे जिसने तीन सशस्त्र विदेशी आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ करने की कोशिश को नाकाम कर दिया था। हरे-भरे भूक्षेत्र में भारी संख्या में हथियारों से लैस तीन आतंकवादियों को देखकर अफसर ने सूझबूझ से काम लिया और उन्हें 30 मीटर दूर तक ले गया जिस जगह पर उन्हें मारा जा सका। धैर्य एवं साहस दिखाते हुए अफसर आश्चर्यजनक रूप से पहले निशाने में ही एक आतंकवादी को मार गिराया जिसके बाद भारी गोलीबारी होने लगी । भागकर दो आतंकवादियों ने घने पेडों के पीछे आड ली और अंधाधुंध गोलीबारी करते रहे । बिना डरे तथा अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अफसर ने भारी गोलीबारी के बीच घुटने के बल रेंगकर गया ताकि नियंत्रण रेखा की ओर आतंकवादियों के भागने के रास्ते को बंद किया जा सके । उन्हें घेरने के बाद मौके का फायदा उठाकर उसने आतंकवादियों के ऊपर हथगोले फैंके जिसके परिणामस्वरूप आमने-सामने की लड़ाई में दूसरे आतंकवादियों का सफाया किया जा सका।

मेजर जगमाल सिंह वाघेला ने विषम परिस्थितियों में उत्कृष्ट वीरता, अनुकरणीय साहस और नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

13. आई सी-64088 कैप्टन पौरूष प्रधान, कुमांऊ रेजिमेंट/26 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 05 जून, 2009)

कैप्टन पौरूष प्रधान जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला में तीन कट्टर आतंकवादियों की गतिविधियों का पीछा कर रहे थे। 05 जून, 2009 को अफसर ने छिपने के ठिकाने तक एक दस्ते का नेतृत्व किया। पहुंचने पर अफसर ने छिपने के ठिकाने को नए तरीके से घेर लिया जिससे बच निकलने के सभी संभावित रास्ते कट गए। तदनंतर, प्रातः होने पर उन्होंने घेरे को पुनः स्थापित किया।

बेखबर होकर आतंकवादी बाहर आए। सुरक्षा बलों को देखकर, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तथा आतंकवादी की गोलीबारी के सामने आकर

इस अफसर ने हथगोला फैंककर आतंकवादी को मार गिराया। इसके बाद एक अन्य आतंकवादी इस अफसर की तरफ अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए आया। कैप्टन प्रधान तुरंत खुले में आए तथा बिल्कुल नजदीक से आतंकवादी को मार गिराया।

कैप्टन पौरूष प्रधान ने असाधारण बहादुरी, अनुकरणीय नेतृत्व, कर्तव्यपरायणता तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

14. आई सी-59470 मेजर मनोज अरूपारायिल पोथन, सेना मेडल, 4 बटालियन सिख लाइट इंफैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 जून, 2009)

सामान्य क्षेत्र निज डेफली में आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर 07 जून, 2009 को मेजर मनोज अरूपारायिल पोथन असम के जिला बक्सा में सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों के बच निकलने के संभावित रास्तों पर लगाई गई एम्बुश पार्टियों में से एक के कमांडर थे। लगभग 2330 बजे एम्बुश पार्टी और अफसर आतंकवादी क्षेत्र के निकट गए, दो व्यक्तियों को संदिग्ध हरकत करते देखा गया। ललकारे जाने पर, व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया तथा आखों से औझल हो जाने के लिए एम्बुश पार्टी पर गोलीबारी कर दी।

मेजर मनोज अरूपारायिल पोथन ने अनुकरणीय सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी पार्टी को तुरंत सावधान कर दिया। यह महसूस करते हुए कि वे फंस गए हैं आतंकवादियों ने ओझल हो जाने के लिए गोलीबारी की तथा हथगोले फैंके। भाग रहे आतंकवादियों का पीछा करने के लिए अफसर ने अपनी पार्टी को रणनीतिक ढंग से लगाया। व्यक्तिगत सुरक्षा से बिल्कुल बेपरवाह उच्च दर्जे के साहस का प्रदर्शन करते हुए अफसर ने पीछा करके दो आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकवादियों से हथियारों तथा गोलाबारूंद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।

मेजर मनोज अरूपारायिल पोथन ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ाई में अदम्य साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया।

15. 4478544 लांस नायक दविन्द्र सिंह, 4 बटालियन सिख लाइट इंफैंट्री

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 जून, 2009)

असम के बक्सा जिले के सामान्य क्षेत्र में हथियारों तथा गोलाबारूद से लैस आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर एक घेराबंदी तथा तलाशी आपेरशन शरू किया गया था। 13 जून, 2009 को 2330 बजे आने-जाने के सभी रास्तों पर रोक लगाए गए थे।

14 जून, 2009 को लगभग 1100 हमारे अपने स्रोत ने दक्षिण-झरगांव के बाह्य क्षेत्रों के एक बांस की बनी में आतंकवादियों के उपस्थित होने की सूचना की पुष्टि की। कैप्टन अनमोल भार्गव और

उनकी पार्टी ने रणीनीतिक ढंग से आगे बढ़ी तथा बांस की बनी को घेरना शुरू कर दिया। सेना को देखकर आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा घेराबंदी को तोड़ने की कोशिश की। लांस नायक दविन्द्र सिंह ने अनुकरणीय साहस और सूझबूझ का प्रदर्शन करते हुए कैप्टन अनमोल भार्गव द्वारा उपलब्ध करायी गई गोलीबारी की आड़ का फायदा उठाकर अपने आप को पुन: तैनात किया तथा अचूक गोलीबारी से दो आतंकवादियों को गिरा दिया। बेअसर गोलीबारी की बात को समझकर शेष आतंकवादियों ने भागने की कोशिश की। उच्च दर्जे की बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए लांस नायक दविन्द्र सिंह ने भागते आतंकवादी का पीछा किया तथा अचूक गोली से एक और आतंकवादी को ठंडा कर दिया। आतंकवादियों से हथियारों और गोलाबारूद का बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

लांस नायक दविन्द्र सिंह ने आतंकवादियों का पीछा करने तथा उन्हें निष्क्रिय करने में असाधारण वीरता के अनुकरणीय कार्य का प्रदर्शन किया।

16. आई सी-63580 कैप्टन मुदस्सर इकबाल, 2 बटालियन, बिहार रजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 जून, 2009)

कैप्टन मुदस्सर इकबाल ने असम-अरूणाचल प्रदेश सीमा पर धेमाजी जिले में निर्दोष लोगों, पुलिस कार्मिकों को मारने, तोड-फोड़ करने तथा धन ऐंठने के कार्य में संलिप्त एक भयानक आतंकवादी संगठन के कट्टर आतंकवादियों के बारे में तीन माह तक व्यवस्थित रूप से तथा अथकता से विकसित आसूचना नेटवर्क का विकास किया।

16 जून, 2009 को असम के धेमाजी जिले के एक गांव में दो सशस्त्र काडर के साथ आतंकवादी के उपस्थित होने की विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी। कैप्टन मुदस्सर इकबाल ने एक कुशल आपरेशन की योजना बनाई तथा आधी रात को घने जंगल से लक्षित क्षेत्र पर पहुंचे। ज्योंही, आक्रमण दल संदिग्ध घर पर पहुंचा, आतंकवादियों ने नजदीक से गोलीबारी कर दी। अडिगता के साथ फौलादी इरादे तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए इस अफसर ने जवाबी गोलीबारी की तथा गोलियों की बौछार के बीच आगे बढ़े तथा अकेले ही भयानक आतंकवादी को मार गिराया जो एके 56 के साथ अफसर से उलझा हुआ था।

इसी बीच दूसरी पार्टी ने दूसरी तरफ से अफसर को घेर लिया। फंस जाने पर, एक आतंकवादी आंखों से औझल हो गया तथा अंधेरी की आड़ का फायदा उठाकर भागने लगा। व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना अपने साथी के साथ कैप्टन मुदस्सर इकबाल ने अदम्य साहस तथा दृढ़ निश्चय का परिचय देते हुए उसका 300 मीटर तक पीछा किया तथा भयंकर भीडंत में उसे गोली से उड़ा दिया।

कैप्टन मुदस्सर इकबाल ने कर्तव्यपरायणता से बढ़कर अदम्य वीरता का प्रदर्शन किया तथा अकेले ही दो आतंकवादियों का खात्मा कर दिया।

17. **आई सी-46936 लेफ्टिनेंट कर्नल संजय कौशिक, मद्रास रेजिमेंट/8 राष्ट्रीय राइफल्स**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 01 जुलाई, 2009)

लेफ्टिनेंट कर्नल संजय कौशिक ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला के एक गांव के एक घर में चार आतंकवादियों के उपस्थित होने की विश्वसनीय सूचना मिलने पर बटालियन घातक टुकड़ी का 01 जुलाई, 2009 को 1300 बजे आगे की कार्रवाई करते हुए नेतृत्व प्रदान किया। अफसर ने तुरंत घेरे की व्यवस्था करके तथा घनी झाड़ियों तथा तेज ढालों वाले जंगल में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए दोहरी जांच का समन्वयन करके रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया। पता लग जाने पर आतंकवादियों ने हमारी पार्टियों पर गोलीबारी कर दी तथा एक नाले के पास तितर-बितर हो गए जो कि बड़े शिलाखंडों तथा घनी झाड़ियो से ढ़का हुआ था। धुंधलका हो जाने की प्रत्याशा में यह अफसर भारी गोलीबारी में बगल से रेंगकर आगे बढ़े तथा दो हथगोले फैंके। निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना वह निकट गए तथा बिल्कुल नजदीक से दो आतंकवादियों को मार गिराया जिससे तीसरे आतंकवादी को निष्क्रिय करने में सुविधा हो गई।

लेफ्टिनेंट कर्नल संजय कौशिक ने आतंकवादियों की गोलीबारी के समक्ष उच्च कोटि की दृढ़ता, अदम्य साहस तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

18. **आई सी-63409 मेजर एन एन वेंकटा श्रीराम, मद्रास रेजिमेंट/8 राष्ट्रीय राईफल्स**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 जुलाई, 2009)

17 जुलाई, 2009 को आतंकवादियों के उपस्थित होने की विश्वसनीय सूचना के आधार पर मेजर एन एन वेंकटा श्रीराम ने जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला के एक गांव में संदिग्ध घरों के चारों तरफ रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए एक कारगर घेराबंदी डाली जिससे बच निकलने के सभी रास्ते बंद हो गए।

संदिग्ध घरों की तलाशी के दौरान, दल पर स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी हो गई। आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए सूझबूझ तथा प्रवीणता का प्रदर्शन करते हुए मेजर श्रीराम अपने साथी के साथ घर के निकट आए तथा खिड़की में से हथगोले और जलते हुए बौरे फैंके। एक आतंकवादी ने खिड़की से उन पर गोली चलाई। इस अफसर ने फौलादी इरादे रखते हुए जवाबी गोलीबारी करके बिल्कुल निकट से उसे उड़ा दिया तत्पश्चात वह फुर्ती से खिड़की के रास्ते घर में घुसे तथा आतंकवादी संगठन के सेक्शन कमांडर पर टूट पड़े और बिल्कुल निकट से उसे मार गिराया।

मेजर एन एन वेंकटा श्रीराम ने शत्रु की भारी गोलीबारी के समक्ष अडिग कर्तव्यपरायणता, दृढ़ता, उच्च दर्जे के नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

19. आई सी-57255 मेजर कुमार अंकुर, सेना मेडल, 12 बटालियन, बिहार रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 27 जुलाई, 2009)

आतंकवादियों के एक समूह द्वारा घुसपैठ के एक प्रयास की विशिष्ट निगरानी सूचना के आधार पर जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिला के सामान्य क्षेत्र में एक आपरेशन शुरू किया गया।

27 जुलाई, 2009 को मेजर कुमार अंकुर ने दल का अनुकरणीय नेतृत्व किया जिसने तीन विदेशी सशस्त्र आतंकवादियों के घुसपैठ के प्रयास को विफल किया। अफसर ने पूरी तरह से हथियारों से लैस तीन आतंकवादियों को बुद्धिमता का प्रयोग करते हुए सामान्य क्षेत्र में मारक क्षेत्र की जद में आने दिया। साधना और धैर्य तथा संपूर्ण स्तब्धता का प्रदर्शन करते हुए इस अफसर ने प्रथम निशाने में ही एक आतंकवादी को मार गिराया। पूर्णत: अडिग रहते हुए तथा व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना नियंत्रण रेखा के पास बच निकलने के रास्तों को रोकने के लिए यह अफसर शत्रु की गोलीबारी के बीच रेंगकर आगे बढे। निकट आने पर उन्होंने एक ऊंचे स्थान से आतंकवादियों पर हथगोले फैंके जिसके परिणामस्वरूप एक अन्य आतंकवादी का सफाया हो गया।

मेजर कुमार अंकुर ने विकट परिस्थितियों में असाधारण वीरता तथा साहस और रणनीतिक कौशल तथा नेतृत्व योग्यताओं का प्रदर्शन किया।

20. आई सी-65220 मेजर जीवन बी,11 बटालियन, जाट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 04 अगस्त, 2009)

यूनिट स्रोत से पक्की सूचना के आधार पर मेजर जीवन बी. ने योजना बनाई तथा जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिला में आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ करने के रास्तों की पहचान करके मिशन-उन्मुखी दलों की विवेकपूर्ण तैनाती की।

आतंकवादियों का पता लगने पर 04 अगस्त, 2009 को 1930 बजे इस अफसर ने धैर्य धारण करते हुए बड़ी स्तब्धता बनाए रखी तथा एम्बुश का जाल बिछाया जिससे अचूक निशाने से एक आतंकवादी को मार गिराया गया। अंधेरा होने पर आतंकवादियों तथा हमारे सैनिकों के बीच रात भर रूक रूक कर गोलीबारी होती रही। सुबह होने पर मेजर जीवन बी. ने तलाशी शुरू की तथा उन पर प्रथम संपर्क में ही भारी आंतवादी गोलीबारी हो गई। अडिग रहते हुए संतुलन के साथ इस अफसर ने मुश्किल दौर में आड लेने के बाद जवाबी गोलीबारी की तथा एक आतंकवादी को मार गिराया। आगे की तलाशी के दौरान उन पर फिर से दूसरे आतंकवादी की तरफ से भारी गोलीबारी हो गई। अपने साथी अफसर द्वारा उपलब्ध करायी गई आड़ लेकर असाधारण तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए शत्रु की गोलीबारी के बीच रेंगकर आगे बढ़े तथा बिल्कुल नजदीक से दूसरे आतंकवादी को मार गिराया।

मेजर जीवन बी ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ाई में असाधारण वीरता तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

21. आई सी-63809 कैप्टन तुषार दश्माना, 6 बटालियन, पैराशूट रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 07 अगस्त, 2009)

एक आसूचना के आधार पर कैप्टन तुषार दश्माना ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपुर जिला के सामान्य क्षेत्र में एक एम्बुश लगाया।

07 अगस्त, 2009 को 1830 बजे इस अफसर ने नाला के अंदर नजदीक ही आतंकवादियों की आवाजाही देखी। उन्होंने मूल्यांकन किया कि एम्बुश दलों को सचेत करने से आपरेशन खतरे में पड़ जाएगा इसलिए वह और उसके साथी लोग उस स्थान से हट गए तथा आतंकवादियों को हैरत में डाल दिया। आतंकवादियों ने तुरंत गोलीबारी की तथा भागने का प्रयास किया। अफसर ने फौलादी इरादे बनाए रखे और तुरंत गोलीबारी का जवाब देते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया। शेष आतंकवादी नीचे झरने की तरफ भाग गए। जरूरत की गंभीरता को समझते हुए यह अफसर अपनी जगह से बाहर कूदे तथा भाग रहे आतंकवादियों का रास्ता काटने के लिए अपने साथी के साथ निडरता से आगे बढ़े। अत्यधिक शांत रहकर फौलादी इरादों के साथ वह आतंकवादियों के निकट आए तथा बिल्कुल नजदीक से दूसरे आतंकवादी को मार गिराया। उसी दौरान तीसरे आतंकवादी ने पीछे से अफसर पर निशाना साधा। बिजली सी कौंध के साथ इस अफसर ने आतंकवादी पर हथगोला फैंका तथा इसके बाद गोलियों की बौछार की जिसके फलस्वरूप उसका सफाया हो गया।

कैप्टन तुषार दश्माना ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ाई में असाधारण बहादुरी तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

22. आई सी-67238 कैप्टन लोकेश कुमार, 9 बटालियन पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 अगस्त, 2009)

कैप्टन लोकेश कुमार को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिला की पीर पंजाल की रेंजो में दूर-दराज के क्षेत्र में अनेक एम्बुश लगाने का कार्य सौंपा गया था।

10 अगस्त, 2009 को 0530 बजे कैप्टन लोकेश कुमार ने अप्रत्याशित रूप से एम्बुश स्थल से दूर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिला की पीर पंजाल की रेजो में तीन आतंकवादियों की हरकत देखी। उच्च दर्जे की पहल शक्ति और आक्रमण का प्रदर्शन करते हुए अफसर ने अपने दस्ते को युक्तियुक्त बनाया और आतंकवादियों के निकट गए। कैप्टन लोकेश कुमार ने सही मौके पर अचूक गोलीबारी करके एक आतंकवादी को वहीं पर मार गिराया। शेष आतंकवादियों ने अचंभित होकर हमारे सैनिकों पर अंधाधुंध

गोलीबारी कर दी। अपने सैनिकों के प्रति खतरे को भांपकर कैप्टन लोकेश कुमार गोलीबारी के बीच ऊंचे स्थान पर पहुंच गए तथा दूसरे आतंकवादी को बिल्कुल नजदीक से मार गिराया।

कैप्टन लोकेश कुमार ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ाई में सक्रिय नेतृत्व तथा असाधारण शौर्य का प्रदर्शन किया तथा सभी तीनों आतंकवादियों का सफाया कर दिया।

23. आई सी-60656 मेजर अनुज सिंह, बिग्रेड ऑफ दि गार्ड्स/59 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 अगस्त, 2009)

एक दीर्घकालिक नवीन तथा अचूक आसूचना योजना के आधार पर मेजर अनुज सिंह ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिला में कट्टर आतंकवादियों के विरूद्ध एक आपरेशन शुरू किया था। 14 अगस्त, 2009 को 1645 बजे संदिग्ध हरकत देखी तब मेजर अनुज सिंह ने ललकारा तो उन पर भारी गोलीबारी हो गई। उन्होंने तुरंत गोलीबारी का जवाब दिया तथा एक आतंकवादी को मार गिराया। शेष तीन आतंकवादियों ने कुछ चट्टानों के पीछे आड़ ले ली तथा हमारे सैनिकों पर गोलीबारी करने लगे। सैनिकों पर मंडराए खतरे को देखकर, मेजर अनुज सिंह रेंगकर आगे बढ़े तथा दूसरे आतंकवादी को मार गिराया। शेष दो आतंकवादियों का बाद में छोटे दल द्वारा सफाया कर दिया गया।

मेजर अनुज सिंह ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ाई में व्यक्तिगत जीवन की बिल्कुल भी परवाह किए बिना असाधारण वीरता तथा नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

24. आई सी-69343 कैप्टन अनूप पाण्डेय, 4 बटालियन राजपूत रेजिमेंट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 22 अगस्त, 2009)

कैप्टन अनूप पाण्डेय सात अन्य रैंकों से युक्त एक छोठी त्वरित कार्रवाई टुकड़ी के लीडर थे। लगभग 13,000 फुट की ऊंचाई पर जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिला में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की संभावित कोशिश के बारे में सूचना मिलने पर उन्होंने संभावित भिड़ंत के लिए उन्होंने अपने समूह की शुरूआत की।

22 अगस्त, 2009 को 1910 बजे अंधेरे में आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि को देखा गया। अत्यधिक संयम तथा रणनीतिक कौशल का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने आतंकवादियों को एम्बुश के निकट आने दिया तथा इस कार्रवाई में एक को घायल कर दिया। घायल आतंकवादी ने आड़ लेकर हमारे सैनिकों पर गोलीबारी कर दी। अदम्य साहस, नेतृत्व तथा युद्धकला का प्रदर्शन करते हुए वह आतंकवादी पर भारी पड़े और उसका सफाया कर दिया।

अन्य आतंकवादी हताश था तथा आगे नहीं बढ़ने दे रहा था। स्थिति का आकलन करके और अपने समूह की गोलीबारी की आड़ लेते हुए कैप्टन अनूप पाण्डेय आतंकवादी के निकट गए तथा हथगोला फैंका और निकट युद्ध में उसका सफाया कर दिया।

कैप्टन अनूप पाण्डेय ने आंतकवादियों के विरूद्ध लड़ाई में स्वयं को जोखिम में डालकर वीरता तथा अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

25. आई सी-56413 मेजर आकाश सिंह, 5 वीं बटालियन, मराठा लाइट इंर्फैट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 सितंबर, 2009)

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिला के मेनधार सेक्टर के सामान्य क्षेत्र में घुसपैठ के प्रयास की सूचना मिलने पर 08 सितंबर, 2009 को मेजर आकाश सिंह ने 2210 बजे तक एम्बुश तुरंत लगाया। चतुर धैर्य का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सख्त गोलीबारी नियंत्रण अपनाते हुए एम्बुश तक आतंकवादियों के आने का इंतजार किया। उन्होंने आतंकवादियों को पूर्णतः अचम्भे में डालकर 2345 बजे एम्बुश को उड़ाकर एक आतंकवादी को मार गिराया। अन्य आतंकवादी के बगल से आने की हरकत को देखकर मेजर आकाश सिंह ने पहल करते हुए शीघ्रता से उसे उलझा दिया। सघन गोलीबारी की लड़ाई में वह दूसरे आतंकवादी को गंभीर रूप से घायल करने में सफल रहे। इस लड़ाई में उनको छाती के दायी तरफ गोली लगी परंतु व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना वह अंतिम श्वास तक आतंकवादी से लड़ते रहे।

मेजर आकाश सिंह ने आतंकवादियों के विरूद्ध लड़ाई में असाधारण साहस और वीरता का प्रदर्शन किया तथा भारतीय सेना की उच्च परंपराओं के अनुसार बलिदान दिया।

26. चन्द्रशेखर, पोवटर, सी डी-।।। (120351-ए) (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 सितंबर, 2009)

चन्द्रशेखर, पोवटर सी डी-।।। उस मार्कोस दल के सदस्य थे जिसे आतंकवादी रोधी आपरेशनों के लिए जम्मू-कश्मीर में तैनात किया गया था।

21 सितंबर, 2009 को मार्कोस के एक दल को उत्तरी कश्मीर के लाड्आ गांव के निकट तांगमुला जंगल के सामान्य क्षेत्र में 04 कट्टर एल ई टी तंजीम के आतंकवादियों की तलाशी और सफाया हेतु अत्यधिक जोखिमपूर्ण कार्य के लिए तैनात किया गया था।

दल ने अपने आप को अभ्यस्त किया तथा सम्पर्क क्षेत्र, अन्य घेराबंदी की स्थिति तथा आतंकवादियों की अंतिम ज्ञात हरकत के संबंध में गहन जानकारी प्राप्त की। घनी वनस्पतियों के कारण, दल ने दो-दो साथियों के जोड़े बनाकर तलाशी शुरू की तथा एक दूसरे के साथ सही-सही सम्पर्क बनाएं

रखा। दल को खून के धब्बे मिले जो इस बात का संकेत था कि आतंकवादी कहीं आसपास था और घायल था। शीघ्र आतंकवादियों की सही-सही स्थिति का पता लग गया तथा भारी गोलीबारी हुई। तथापि, दबोचे गए आतंकवादी ने साथी जोड़े पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। चन्द्रशेखर के साथी ने गोलीबारी का जवाब दिया परंतु उनकी गर्दन में गोली लग गई और वह गिर गए। व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अपने साथी को सुरक्षित बचा लेने के लिए रेंगकर आगे बढ़े तथा साथ ही दूसरे हाथ से गोलीबारी करके आतंकवादी को दबोचे रखा। इस निस्वार्थ शौयपूर्ण कार्रवाई से न केवल आतंकवादी हतप्रभ रह गए बल्कि उन्होंने उनमें से एक को घायल भी कर दिया। उन्हें बचाने की कार्रवाई के दौरान चन्द्रशेखर को आतंकवादी की गोली लगी तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में चन्द्रशेखर धावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए।

चन्द्रशेखर पोवटर सी डी-।।। ने अत्यधिक खतरे के समक्ष असाधारण साहस और पहल शक्ति का प्रदर्शन किया तथा अपने साथी के जीवन को बचाने में सर्वोच्च बलिदान किया।

(बरूण मित्रा)
संयुक्त सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 मार्च 2010

सं. 11024/01/2008-पी.एम.ए.--इस मंत्रालय की दिनांक 27 अगस्त 1969 की अधिसूचना संख्या 9/11/69-पी.-IV, दिनांक 19 अप्रैल, 1974 की संख्या 9/94/72-जीपीए-II, दिनांक 3 दिसम्बर, 1976 की संख्या 9/78/74-जीपीए-II (III), दिनांक 25 मार्च 1977 की संख्या 1/68/76-जीपीए-III, दिनांक 23 सितम्बर, 1989 की संख्या 11026/5/88-एनपीसी तथा दिनांक 8/8/2001 की संख्या 11022/6/2001-पी.एम.ए. के क्रम में तथा राष्ट्रपति सचिवालय की दिनांक 23 फरवरी, 1962 की अधिसूचना संख्या 30-पर्स/62 के अंतर्गत दिनांक 3 मार्च, 1962 को भारत के राजपत्र में अधिसूचित पुलिस (विशेष ड्यूटी) पदक प्रदान करने संबंधी नियमावली के नियम -I के अनुसरण में केन्द्र सरकार एतद्द्वारा यह निर्दिष्ट करती है कि एस.पी.जी. के सदस्य भी अपने छह वर्ष का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा कर लिए जाने पर पुलिस (विशेष ड्यूटी) पदक प्राप्त करने के हकदार होंगे।

2. ये आदेश इसके जारी होने की तिथि से प्रभावी होंगे।

डी. के. कोटिया
संयुकत सचिव

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, दिनांक 18 मार्च 2010

सं. ईआरबी-I/2010/23/13--संयुक्त उद्यम (जेवी) के जरिए परियोजना के निष्पादन की संभाव्यता का पता लगाने संबंधी निर्देशों के साथ मरहोवरा में ग्रीनफील्ड डीजल इंजन विनिर्माण इकाई (डीएलएफ) और मधेपुरा में ग्रीनफील्ड बिजली इंजन विनिर्माण इकाई (ईएलएफ) स्थापित करने के लिए रेल मंत्रालय के प्रस्ताव आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रीमंडल समिति (सीसीईए) द्वारा अनुमोदित किया गया है।

1.1 मंत्रीमंडल ने 18.02.2010 को आयोजित अपनी बैठक में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी बिडिंग (आईसीबी) के जरिए चयनित संयुक्त उद्यम भागीदारी के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) में इन इकाइयों को स्थापित करने संबंधी रेल मंत्रालय के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। मंत्रीमंडल ने इन मॉडल दस्तावेजों के ढांचे के भीतर स्वीकृत परियोजना के विशिष्ट बदलावों के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी के लिए मॉडल आरएफक्यू और आरएफपी दस्तावेजों को अपनाते हुए दो स्तर की बिडिंग प्रक्रिया को अपनाने के लिए रेल मंत्रालय के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया है। संयुक्त उद्यम भागीदार के चयन हेतु बोली प्रक्रिया आयोजित करने के लिए योजना आयोग के परामर्श से रेल मंत्रालय द्वारा तैयार प्रापण एवं अनुरक्षण करार (''एग्रीमेंट'') को भी मंत्रीमंडल द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

1.2 मंत्रिमंडल ने ईएलएफ एवं डीएलएफ स्थापित करने के लिए भागीदारों के चयन हेतु बोलियां आमंत्रित करने के लिए मंत्रीमंडल द्वारा अनुमोदित प्रारूप करारों में प्री बिड सम्मेलनों के दौरान बोलीकर्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों को ध्यान में रखते हुए

अनुमोदित बदलावों, यदि आवश्यक समझे जाएं, के लिए सशक्त समिति गठित करने संबंधी रेल मंत्रालय के प्रस्ताव को भी अनुमोदित कर दिया है, जिसमें निम्नलिखित शामिल होंगे :--

(i)	अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड	अध्यक्ष
(ii)	वित्त आयुक्त/रेलवे	सदस्य
(iii)	सदस्य बिजली, रेलवे बोर्ड	सदस्य
(iv)	सदस्य यांत्रिक, रेलवे बोर्ड	सदस्य
(v)	सचिव, आर्थिक मामलों संबंधी विभाग (वित्त मंत्रालय)	सदस्य
(vi)	सचिव, विधि कार्य विभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय	सदस्य
(vii)	सचिव, योजना आयोग	सदस्य

2. तदनुसार, रेल मंत्रालय ने उपर्युक्त 1.2 में दर्शाए गए अनुसार मंत्रीमंडल द्वारा अनुमोदित घटकों एवं विचारार्थ विषयों के अनुसार सशक्त समिति गठित करने का विनिश्चय किया है।

3. समिति का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा।

4. समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य मौजूदा नियमों के अनुसार स्वीकार्य टीए/डीए पाने के पात्र होंगे।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

शिवाजी रक्षित सचिव,
(रेलवे बोर्ड)

दिनांक 22 मार्च 2010

संकल्प

सं. ईआरबी-I/2009/23/22--श्री डैरेक ओ' ब्रेरेन, 158, प्रिंस अनवर शाह रोड, कोलकाता-700045 की अध्यक्षता में यात्री सेवा समिति को पुनर्गठित करते हुए रेल मंत्रालय के 16.07.2009, 12.11.2009 एवं 08.02.2010 के समसंख्यक संकल्प के आगे, रेल मंत्रालय ने अब विनिश्चय किया है कि इस समिति के सदस्य के रूप में पूर्व में नामित मो. नदीम सिराज, चैम्बर नं. 75, बिहार बार काउंसिल भवन, पटना उच्च न्यायालय, पटना के स्थान पर मो. नदीमुल हक़, द्वारा-अखबार-ए-मशरीक, 12, दरगाह रोड, कोलकाता-700017 को यात्री सेवा समिति के सदस्य के रूप में नामित किया जाए।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

शिवाजी रक्षित सचिव,
(रेलवे बोर्ड)

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January, 2010

No. 52–Pres/2010 – The President is pleased to approve the award of the "**Kirti Chakra**" to the under mentioned persons for the acts of conspicuous gallantry:-

1. **SHRI REL DEO SANGMA, CONSTABLE, MEMBER OF THE SPECIAL OPERATION TEAM, MEGHALAYA POLICE (POSTHUMOUS)**

[Effective date of the award: 07 December, 2008]

